





## एक नजर में

### लंबे समय से फरार, 30-स्थाई वारंट, 69-गिरफ्तारी वारंट किए तामील

रतलाम। जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में, पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार की अगुवाई में, सभी अनुभागों में सीएसपी/ एसडीओपी के नेतृत्व में, दिनांक 26 –27 सितंबर की दरमियानी रात से सुबह तक रतलाम जिले के सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में सीएसपी रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी रतलाम किशोर पाटनवाला, सीएसपी जावरा युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट सुश्री पल्लवी गौर, उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, उप पुलिस अधीक्षक आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारी एवं थाने के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में संबंधित सीएसपी/एसडीओपी द्वारा अपने अनुभाग के बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त हेतु रवाना किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार-30 स्थाई वारंटियों, 69-गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए। पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### गुलाब चक्कर में योग-संगीत का अनोखा संगम

रतलाम। गुलाब चक्कर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में योग और संगीत का अनोखा संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम में युवा साथी विशाल कुमार वर्मा ने योग के लिए और संगीत के लिए समर्पित भाव से अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रों और ध्वनियों से पवित्र करके की गई, जिससे योग की अलख जगाई जा सके। इसके बाद संगीत प्रेमियों के लिए संगीत की महफिल सजाई गई, जिसमें संगीत के सुरों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूडो कराटे के प्रशिक्षक अभिषेक शर्मा ने बच्चों को लाकर गुलाब चक्कर में प्रदर्शन कराया, जिसमें बच्चों की अद्भुत प्रतिभा देखने को मिली। इसके अलावा कवियों ने अपनी कविता पाठ से सभी को प्रभावित किया। नित्येंद्र एम आचार्य ने पड़ोसन के गीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि सूबेदार श्री परमार ने अपने गीत ओ हंसनी से सभी को झुमाया। पंडित चेतन ने शिव भजन से सभी को भक्ति में डूबने का अवसर दिया। सुनील निरंजनी का कविता पाठ शानदार रहा। आश्विन शुक्ल को सम्मानित किया गया। गोपाल बोरीवाल एवं इदरीस जावेदी ने मुकेश का गीत गया, सेलाना से पतंजली के गोवर्धन लाल ने सराहनीय भूमिका निभाई। प्रकाश व्यास कवि लक्ष्मण को ओर ट्रैफिक पुलिस सूबेदार श्री परमार को सम्मानित किया गया है।

### नेत्रदान ने बढ़ाया समाज का मान, प्रेरणा बनीं लीलाबाई पाटीदार

रतलाम। मानवता और समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए ग्राम सिमलावदा निवासी श्रीमती लीलाबाई पाटीदार पति भरतलाल पाटीदार के निधन उपरांत उनके परिजनों ने नेत्रदान करने का महान संकल्प लिया। इस पुण्य कार्य से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों की आँखों में रोशनी आने की संभावना बनी है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि लीलाबाई पाटीदार स्वयं जीवनकाल में नेत्रदान करने की इच्छा रखती थीं। उनकी इच्छा के अनुसार परिजनों ने नेत्रदान का संकल्प पूरा कर समाज के सामने मानवता की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की। इस पुनीत कार्य के लिए सुरेश पाटीदार, सिमलावदा ने दिवंगत के पुत्र अनिल पाटीदार एवं परिजनों को प्रेरित किया। परिवार ने सहर्ष सहमति देकर सेवाभाव और उदारता का अनुकरणीय उदाहरण रखा। नेत्रम संस्था के संस्थापक हेमंत मूणत ने जानकारी दी कि परिजनों की सहमति मिलते ही गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल को सूचना दी गई। उनकी टीम—मनीष तलाच एवं परमानंद राठौड़—ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नेत्र संरक्षण की पूरी प्रक्रिया पूर्ण की। नेत्रदान के दौरान परिवार जनों, रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा, भ्रांतियों को दूर किया और भविष्य में स्वयं भी नेत्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर नेत्रम संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। संस्था की ओर से दिवंगत के परिजनों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी उदारता और सहृदयता का सम्मान किया गया। नेत्रम संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि वे भी नेत्रदान जैसे जीवनदायी कार्य में सहयोग देकर समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने में सहभागी बनें।

### स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शन एवं आजीविका फ्रेश मेले का आयोजन

रतलाम। जिला प्रशासन द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, म.प्र. शासन अंतर्गत म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं शासन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में गठित स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु 3 दिवसीय आजीविका फ्रेश मेले का आयोजन 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सज्जन प्रभा हॉल, अजन्ता पेलेस रतलाम में जिला स्तर पर किया जा रहा है। मेले में स्व सहायता समूहों द्वारा संगठनों एवं बैंको से ऋण लेकर विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार किये जा रहे है एवं विभिन्न माध्यमों से विक्रय किया जा रहा है जिसमें रेशम चूडी, ब्लॉक प्रिंटिंग चादर, मसाले, दाले, पेंटिंग, ज्वार, बाजरा, मक्का का आटा, अचार, टमाटर लहसुन की चटनी, चिप्स, छोटी फेंन्सी झाडू, स्लीपर एवं फैंसी चप्पल, लाख की चूड़ियां, नमकीन, आयटम, भगवान की पोशाक, बांस के विभिन्न फैन्सी आईटम, छीपक, धूपबत्ती, रूई की बाती, सॉफ्ट टॉय, अगरबत्ती, झूमर आदि प्रमुख है। समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय से स्व सहायता समूहों की आय में वृद्धि होगी एवं जीवन स्तर में सुधार होगा साथ ही विभिन्न व्यवसायियों से सम्पर्क स्थापित होगा।

### महावीर जैन नेशनल स्कूल के छात्रों ने संभाग स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में बिखेरा जलवा

जावरा। महावीर जैन नेशनल स्कूल के पांच प्रतिभाशाली छात्रों—दर्शिता वोहरा, केवाल वोहरा, अनय नांदेचा, हितांश जैन और हविश मंसुखानी ने 25 सितंबर को देवास में आयोजित संभाग स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में प्रदर्शन कर स्कूल और शहर का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने खेल प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत का परिचय देते हुए दर्शकों और आयोजकों का दिल जीत लिया। इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पांचों छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें से चार छात्र—दर्शिता वोहरा, केवाल वोहरा, अनय नंदेचा और हविश मंसुखानी—ने अपनी शानदार खेल क्षमता के दम पर राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए स्थान पक्का किया। विशेष रूप से अंडर-17 कैटेगरी में दर्शिता वोहरा और अनय नंदेचा ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि केवाल वोहरा और हविश मंसुखानी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। हितांश जैन ने भी प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और स्कूल का मान बढ़ाया। स्कूल प्राचार्य डॉ. अश्विन गंगवाल ने छात्रों को बधाई दी और उनकी इस उपलब्धि को स्कूल के लिए गर्व का क्षण बताया।

### दो दिवसीय विभाग स्तरीय वैदिक गणित और विज्ञान मेला प्रतियोगिता संपन्न

जावरा। दो दिवसीय विभाग स्तरीय वैदिक गणित और विज्ञान मेला प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर कश्मीरी गली में आयोजित हुई। उद्घाटन सत्र में वैदिक गणित और विज्ञान मेला प्रतियोगिता संयोजक एव प्रधानाचार्य शीला जैन, सहसंयोजक एव प्रधानाचार्य मारुति गंज उज्जैन दिलीप परमार, विज्ञान मेला प्रतियोगिता प्रभारी मनीषा गंगवाल, वैदिक गणित प्रतियोगिता प्रभारी महेश पाटीदार द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गय। प्रधानाचार्य जैन ने प्रतियोगिता से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया। अतिथि परिचय महेश पाटीदार ने करवाया। गणित प्रयोग प्रतियोगिता में निर्णायक दीपक जैन एवं कैलाश कपासिया, गणित पत्र वाचन प्रतियोगिता में निर्णायक जय लखवानी, राजन साहू एवं राकेश धाकड़, विज्ञान पत्र वाचन प्रतियोगिता में निर्णायक विजय राठौड़ एवं लोकेश विश्वकर्मा, विज्ञान प्रयोग प्रतियोगिता में निर्णायक आरती सोलंकी एवं कृष्णकांत देवड़ा, विज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता में निर्णायक दिलीप परमार, मनीषा गंगवाल एवं तनु दैया, गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में निर्णायक महेश पाटीदार, शिवानी मेहता एवं भाविका पँवार, विज्ञान प्रदर्श (मॉडल) प्रतियोगिता के निर्णायक अशोक राठौड़, सुमित्रा बामनिया एवं प्रबि मेहता, गणित प्रदर्श (मॉडल) प्रतियोगिता के निर्णायक मुकेश गहलोत, अतुल जोशी एवं प्रतीक्षा राठौड़ रहे।

# सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर ब्लैकमेल करने वालों पर कार्रवाई की तैयारी

डॉ. संजय उपाध्याय

**नवभारत की प्रकाशित समाचार पर लिया गया संज्ञान**

**-ऐसे शिकायतकर्ताओं की कलेक्टर से मांगी गई जानकारी**




**नवभारत खबर का असर**

रतलाम। जिले में लगातार बढ़ रही फर्जी सीएम हेल्पलाईन शिकायतों व ब्लैकमेल कर परेशान करने वालों को लेकर नवभारत ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।

इसी खबर को लेकर अब सीएम हेल्पलाईन के संचालक ने सभी कलेक्टर को पत्र जारी किया हैं। इसमें सीएम हेल्पलाइन पर आदतन झूठी शिकायत करने वाले और ब्लैकमेलिंग करने वाले लोगों पर लगाम कसने के लिए ऐसे फेक कॉलर्स के बारे में जानकारी मांगी है और उनकी पहचान करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने वाले लोगों में फेक शिकायतर्ताओं की बढ़ रही तादाद को देखते हुए सीएम हेल्पलाईन भोपाल संचालक ने ऐसे झूठे और भ्रामक शिकायतकर्ताओं पर लगाम कसने के लिए एक्शन लिया है। एक पत्र जारी कर सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले सभी फेक कॉलर्स के बारे में जानकारी मांगी है। गौरतलब है सीएम हेल्पलाइन लोगों की शिकायत निवारण के लिए एक सिंगल विंडो केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है, जो लोग अपनी शिकायतों के निवारण के लिए डायरेक्ट अपनी शिकायत दर्ज करवाते हैं और अपनी शिकायत का अपडेट ले सकते हैं, लेकिन कुछ कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर रहे हैं और झूठी शिकायत दर्ज करवाकर ब्लैकमेल तक करते हैं।

### फर्जी कॉलर्स के मोबाइल की मांगी गई जानकारी

जिलाधिकारियों से कहा गया है कि वो सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज झूठी एवं आदतन शिकायतकर्ताओं की जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराएं। निर्देश दिया गया है कि पोर्टल पर पंजीकृत झूठी/आदतन शिकायतकर्ताओं की सूची तैयार की जाए, जिसमें नाम,मोबाइल नंबर,कुल शिकायतों की संख्या व संबंधित टिप्पणियाँ शामिल हों।

**प्रशासन तैयार कर रहा जानकारी**

पत्र जारी होने के बाद प्रशासन लगातार लम्बें समय से लंबित शिकायत, बार-बार एक ही विभाग में एक जैसी अलग-अलग शिकायत, शिकायत कर फोन नहीं उठाने वालों और नाम और नम्बर बदलकर एक जैसी शिकायत, अथ्यहीन शिकायत की सूची तैयार की जा रही हैं। इनमें लगातार शिकायत की सूची लम्बी होने की संभावना हैं। प्रशासन सभी विभागों से शिकायत को लेकर जानकारी एकत्रित कर रहा हैं। सूत्री की माने तो ऐसी शिकायतें सबसे ज्यादा नगर निगम में हैं।

**प्रपत्र में मांगी मांगी**

सीएम हेल्पलाईन भोपाल संचालक ने सभी कलेक्टर को पत्र जारी कर जानकारी मांगी हैं। जारी पत्र के साथ एक प्रपत्र भेजा गया हैं। इसमें सभी कलेक्टर से जानकारी प्रपत्र अनुसार भेजने को कहा गया हैं। प्रपत्र में शिकायतकर्ता का नाम,मोबाइल नंबर,कुल शिकायतों की संख्या व शिकायतकर्ता के बारे में रिमार्क मांगा गया हैं।

# मंत्री की टिप्पणी पर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

रतलाम। महिला कांग्रेस द्वारा सम्मान की राखी अभियान के तहत रविवार को 80 फीट रोड स्थित महिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिसमें बताया कि भारतीय जनता पार्टी नेता व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी का शहर महिला कांग्रेस ने जोरदार विरोध किया।शहर महिला कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती कुसुम चाहर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सम्मान की राखी अभियान के अंतर्गत राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चित्र पर राखी बाँधकर भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा को राजनीति से ऊपर बताया।

इस अवसर पर आशा रावत, नजमा बेलूत, राधा प्रजापति, अनु निकाडी, जायद खान, मुमताज खान, मंजू बाला गुर्जर, अनीता बैरागी, आरिफा कछवाया, रेखा सोलंकी, जूही सोलंकी, काजल सोलंकी, कमलेश चौहान, साधना नकुम, मनोरमा परमार, लीलाबाई, सीमा, मंजू तिवारी, जमीला बी, हुसैना बी, फातिमा, परवीन खान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थीं। यह जानकारी शहर महिला कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती कुसुम चाहर द्वारा दी गई।



# सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन गंभीरता से करें :मंत्री काश्यप

**नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत एवं धन्यवाद समारोह संपन्न**

नवभारत न्यूज

रतलाम। दायित्व मिलना और उसका निर्वहन करना अलग-अलग बात हैं। दायित्व मिले या ना मिले, मगर पार्टी कार्यकर्ता अपने कर्तव्य का निर्वहन किस प्रकार से करते हैं यह बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा के सभी नव नियुक्त जिला पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें, कभी ऐसा कोई कार्य ना करें, जिससे उन्हें या पार्टी को असहज स्थिति का सामना करना पड़े।

यह बात कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने भाजपा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के स्वागत एवं धन्यवाद समारोह में कही। समारोह में श्री काश्यप ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत-सम्मान किया। पदाधिकारियों द्वारा श्री काश्यप एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय को पुष्पमाला पहनाकर नियुक्ति के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

समारोह में जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय के साथ महापौर प्रहलाद पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा मंचासीन रहे।

श्री काश्यप ने कहा कि पार्टी में मिले दायित्व को पहले समझना और फिर उसके अनुरूप कार्य करना चाहिए। टीम वर्क से हर कार्य सफल होता है। आरंभ में जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने कार्यकर्ताओं को जो भी दायित्व दिया है उसका निर्वहन पूरी शिद्दत से करें।

समारोह का संचालन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया।

**यह रहे मौजूद**

इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी, प्रदीप चौधरी, अनिता कटारिया, पदमा जायसवाल, कीर्ति शरण सिंह, प्रहलाद राठौर, विप्लव जैन, सोनु यादव, जिला मंत्री अशोक पण्डिया, प्रताप सिंह, अनुज शर्मा, कैलाशीबाई चारेल, कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, सह-कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पाटीदार (होस्टल), कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, सह-कार्यालय मंत्री राजेन्द्र सिंह डोडिया तथा सह मीडिया प्रभारी निलेश बाफना सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

आभार जिला महामंत्री महेश सोनी ने माना।

### विभाग स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

जावरा। सरस्वती शिशु मंदिर पर दो दिवसीय विभाग स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता का केशव सभागृह में शुभारंभ हुआ। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कानसिंह चौहान अतिथि थे। विवेक भारतीय शिक्षण समिति सचिव तन्मय सोनी, विभिन्न विद्यालय के प्रतिभागी व आचार्य परिवार मौजूद था। व्यक्तिगत गीत, निबंध, रंगोली, तात्कालिक भाषण, चित्रकला, गीता पाठ, एकल अभिनय प्रतियोगिता संपन्न हुई।

## रतलाम मंडल से होकर चलेंगी 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

रतलाम। यात्रियों की सुविधा तथा दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के त्योहारी सीज़न के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रतलाम मंडल से होकर बांद्रा टर्मिनस-अयोध्या कैंट, बांद्रा टर्मिनस-लुधियाना जं., उधना-जयनगर एवं बान्द्रा टर्मिनस-सांगानेर के बीच विशेष किराए पर त्योहार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

इनमें ट्रेन संख्या 09095/09096 बांद्रा टर्मिनस-अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल, ट्रेन संख्या 09097/09098 बांद्रा टर्मिनस-लुधियाना जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09151/09152 उधना-जयनगर, ट्रेन संख्या 09023/09024 बांद्रा टर्मिनस - सांगानेर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल स्पेशल शामिल हैं। यह ट्रेने मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रूकेगी और यहां से यात्रि सवार होकर अपनी यात्रा कर सकेंगे।

# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



नवभारत न्यूज

रतलाम। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला ईकाई के नवीन संचालक मंडल का शपथ ग्रहण समारोह कलेक्टोरेट सभागृह में मध्य प्रदेश शासन के लघु एवं सुक्ष्म उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में तथा पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता कलेक्टर राजेश बाथम ने की। सचिव एवं एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। साथ ही नवीन संचालक मंडल का परिचय कराया।

मंत्री काश्यप ने कहां की पूर्व चेयरमैन स्व.महेंद्र गादिया द्वारा जो कार्य रेडक्रॉस के लिए किए गए वह अनुकरणीय है, रतलाम में रेडक्रॉस की पहचान बनाने का जिम्मा उन्हीं के जैसे सामाजिक कार्यकर्ता कर सकते है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हजुए कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष राजेश बाथम ने निर्वाचन प्रक्रिया से लेकर रेडक्रॉस सोसायटी की योजनाओं के बारे में बताया। सोसायटी के नवनिर्वाचित चेयरमैन प्रीतेश गादिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि रेडक्रॉस सेवा का पर्याय हैं और इसी सेवा के पूर्व के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए नवीन कार्यों के साथ कई सामाजिक संगठन एवं सामाजिक जनों को जोड़कर नेत्रदान, देहदान, रक्तदान चिकित्सा शिविर एवं कई योजनाओं के अलग-अलग शिविरों के माध्यम से लोगों को लाभांवित कर सेवा के कार्यों से जोड़ा जाएगा।

पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी ने कहा कि यह संस्था किसी परिचय की मोहताज नहीं जनसेवा के माध्यम से यह रतलाम में अपनी अलग ही पहचान बनाए हुए हैं, हमें विश्वास है कि नवीन संचालक मंडल इसे और ऊंचाइयों पर ले जाएगा। कलेक्टर ने संचालक मंडल को शपथ दिलाई। संचालन आशीष दशोत्तर ने तथा आभार मनोनीत सचिव मानस पुरोहित ने किया। इस अवसर पर एसडीएम आरची हरित, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, आशीष उपाध्याय पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा,मनोहर पोरवाल जयवंत कोठारी, प्रहलाद राठौड़, प्रेमलता दवे ,अशोक तांतेड़, कांतिलाल छाजेड़, रोटरी क्लब, लायंस क्लब सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

**दिलाई शपथ**

मंत्री श्री काश्यप द्वारा सभापति प्रीतेश गादिया, उप सभापति सुशील मूणत, कोषाध्यक्ष संजय लूणिया, संचालक मंडल के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, सुलोचना शर्मा ,राजेश रांका, हेमंत मूणत, अशोक जैन लाला, एडवोकेट सुनील पारीक, दिनेश बरमेचा को शपथ दिलाई तथा सभी को प्रमाण पत्र भेट किये।



# मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का शौर्य संचलन निकालेगा

**बैठक में आयोजन को लेकर तय की गई रूपरेखा**

रतलाम। विश्व हिंदू परिषद रतलाम जिले की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमैं आगामी समय में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का शौर्य संचलन निकालने की रूपरेखा बनाई व आगामी कार्यों पर समीक्षा की गई। उपस्थित, पदाधिकारी विभाग मंत्री सौरभ चतुर्वेदी विहिप जिला अध्यक्ष राधेश्याम रावल जिला मंत्री गौरव शर्मा बजरंग दल जिला संयोजक मुकेश व्यास और जिला पदअधिकारी ओर प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मोंटी जायसवाल द्वारा दी गई।



# बढ़ती उम्र में प्राणी मात्र की सेवा के प्रति जो जज्बा है उनको करता हूं नमन : कोठारी

जावरा। प्राणी मात्र की सेवा के उद्देश्य को लेकर जैन समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने जैन सौश्यल ग्रुप सिनीयर सीटिजन का गठन कर हम युवाओं को सामाजिक समरसता एवं प्राणी मात्र की सेवा के लिए आव्हान कर प्रेरित किया है। उक्त विचार इन्टरनेशनल जैन सौश्यल फेडरेशन के इलेक्ट अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मनीष कोठारी उज्जैन ने जैन सौश्यल ग्रुप सिनीयर सीटिजन के पदाधिकारीयों के शपथ ग्रहण समारोह को में व्यक्त किए। आपने इसके लिए वरिष्ठ समाजसेवी एवं ग्रुप के वरिष्ठ मार्गदर्शक बाबुलाल नाहर व सुजानमल कोचट्टा को भी साधुवाद देते हुए कहा कि इस बढ़ती उम्र में भी प्राणी मात्र की सेवा के प्रति जो जज्बा आप में है उसको नमन करता हूं। अतिथि परिचय प्रो. डॉ सुरेश मेहता ने दिया। शपथ प्रदाता जेएसजी प्रांत के रीजनल चेयरमेन राहुल चपडोद ने जेएसजी सिनीयर सीटिजन के अध्यक्ष नवनीत श्रीमाल, सचिव अशोक ओरा, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल श्रीमाल, प्रथम उपाध्यक्ष महावीर डांगी, द्वितीय उपाध्यक्ष पारसमल छाजेड़ व तृतीय उपाध्यक्ष सुशील जैन को सपत्नीक पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सह सचिव अभय कांठेड़, सह कोषाध्यक्ष कनेश मेहता, दिलीप पारख, राकेश मेहता, अशोक चोपड़ा, कैलाश नाहर, सुदेश खारीवाल, रमेश पटवारी, डॉ राजकुमार पीपाड़ा, यात्रा संयोजक प्रकाश पटवारी, भोजन समिति संयोजक पारसमल ओरा आदि को भी चेयरमेन चपडोद ने शपथ दिलाई तथा प्रदेश के प्रथम सिनीयर सीटिजन ग्रुप बनाने के लिए बधाई दी।

**आयोजन** जावरा पब्लिक स्कूल में नवरात्रि गरबा महोत्सव का हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों ने गरबों की दी प्रस्तुतियां, बेस्ट को पुरस्कार



नवभारत न्यूज

जावरा। नवरात्रि के अवसर पर जावरा पब्लिक स्कूल में पारंपरिक गरबा महोत्सव का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद मूणत एवं परिवार ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। प्राचार्य पीयूष मूणत ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर अतिथि का आत्मीय स्वागत किया और उनके प्रति विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। माँ अम्बे की मंगल आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पूरे परिसर में माँ दुर्गा के जयकारों से गूंजता वातावरण भक्तिभाव और ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। विद्यालय के छात्र,छात्राएं पारंपरिक गरबा वेशभूषा में सजे हुए रंगबिरंगे परिधानों में आकर्षक लग रहे थे। माँ की भक्ति गीतों पर प्रस्तुत किए गए मनोहारी गरबा नृत्य ने कार्यक्रम में आध्यात्मिकता और उत्सव का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए विद्यार्थियों ने गरबा की विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिताओं में बेस्ट ड्रेस-अप, बेस्ट गरबा किंग और बेस्ट गरबा गरबा क्वीन के लिए छात्रों का चयन कर उन्हें पुरस्कारों से सम्मानित किया। बच्चों का जोश और नृत्य कौशल सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

**शिक्षकों के लिए हुआ गरबा**

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि अंत में शिक्षकों के लिए भी विशेष गरबा राउंड का आयोजन हुआ, जिसमें सभी शिक्षक,शिक्षिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। उनकी प्रस्तुतियों में उमंग और परंपरा का अद्भुत मेल देखने को मिला। बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाले शिक्षकों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए। प्राचार्य पीयूष मूणत ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान और जुड़ाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों, अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का इस आयोजन को सफल बनाने पर आभार व्यक्त किया।